त आ

प्रेषक,

निदेशक,
महिला कल्याण,
उत्तर प्रदेश ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

संख्या C-1 812/निदे0म0क0/अनुदान/2021-22,

दिनांकः लखनऊः 02 मार्च 2022

विषयः–अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 08 मार्च 2022 के अवसर पर [illegible] आयोजनों के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय भारत सरकार के संलग्न पत्र संख्या–WD/IC-11/1/2022-WD/IC-Part-(1) (98780) दिनांक, 25 फरवरी 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित **"राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति"** द्वारा **दिनांक 08 मार्च 2022** को **"महिला दिवस"** का आयोजन, वर्तमान में चल रहे **आजादी के अमृत महोत्सव** के अंग के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु दिनांक 8 मार्च, 2022 व उसके पूर्व महिलाओं की उपलब्धियों, लैंगिक आधारित भेद–भाव तथा हिंसा को समाप्त करने संबंधी प्रयास तथा विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण हेतु सकारात्मक व दृश्यमान परिवर्तन को रेखांकित करने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जाने की अपेक्षा की गई है। साथ ही स्थानीय स्तर पर सामाजिक–आर्थिक विकास हेतु उल्लेखनीय कार्य करने वाली पंचायत व नगरीय स्थानीय स्वशासन की महिला प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाना है।

भारत सरकार द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 5–11 मार्च के मध्य जनपद स्तर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम का विवरण संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया वर्तमान में चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत सरकार के दिशा निर्देशों व संलग्न कार्यक्रम के अनुरुप कार्यक्रमों का आयोजन कराने का कष्ट करें। जनपद स्तर पर आयोजित की गई गतिविधियों की आख्या दिनांक 15–03–2022 तक भारत को sec-ic-mwcd@gov.in एवं प्रतिलिपि srcwup@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त।

भवदीय,

(मनोज कुमार राय)
निदेशक ।

पृष्ठांकन व दिनांक यथोक्त !

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1– सचिव,महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2– प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ ।
3– समस्त मण्डलीय उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
4– समस्त जिला परिवीक्षा अधिकारी,उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ ही जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में उक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(मनोज कुमार राय)
निदेशक ।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

इन्दीवर पान्डेय, आई.ए.एस.
सचिव

INDEVAR PANDEY, I.A.S.
Secretary

Tel. : 011-23383586, 23386731
Fax : 011-23381495
E-mail: secy.wcd@nic.in

भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110 001
Government of India
Ministry of Women & Child Development

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निदेशक कैम्प
संख्या... 2045/6.02...
दिनांक....28/02/22....

25th February, 2022

D.O. No. WD/IC-11/1/2022-WD/IC-Part(1) (e-98780)

Dear Chief Secretary,

Every year, 8th March is globally observed as the International Women's Day (IWD) for celebrating the social, economic, cultural and political achievements of women. This day provides us as an opportunity to reflect and amplify on various issues that come in the way of women's empowerment and hinder realisation of gender equality.

2. This year, National Implementation Committee, chaired by Hon'ble Home Minister, has inter-alia approved the event "Women's Day" on 8th March, 2022 to be celebrated by Ministry of Women and Child Development as part of the Azadi ka Amrit Mahotsav (AKAM).

3. In this context, it is requested that in the run up to the forthcoming International Women's Day, on 8th March, 2022 as well as on International Women's Day itself, focused, clear and well pronounced initiatives, programs and events may be organized in your States/UTs so as to showcase and highlight women's achievements, initiatives undertaken for eliminating gender based discrimination and violence for bringing about a perceptible change and positive shift towards greater empowerment of women in all domains. In addition, discussions-cum-workshops may also be organised on women issues in the Administrative Training institute of the Sates/UTs during the week in the run up to the International Women's Day. Outstanding women at Panchayat Levels and Urban Local Bodies who are contributing locally to socio-economic development in measurable terms may be felicitated.

4. I shall be grateful, if you could kindly direct all concerned officers in your State/UT to organize engaging events/ programs at the field levels in the run up to IWD and on the 8th March, 2022 to promote and celebrate women empowerment in all its dimensions. Further, the schedule of the planned events/ programmes/ activities may be shared with this Ministry at email id: sec-ic-mwcd@gov.in by 01.03.2022, and a report on the initiatives and activities undertaken may be shared at by 15.03.2022.

With regards,

Yours sincerely,

25/2/2022
(Indevar Pandey)

Chief Secretaries of all States/ UTs

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 08 मार्च 2022 के अवसर पर दिनांक 05 से 11 मार्च 2022 तक प्रस्तावित कार्यक्रम

| दिनांक | कार्यक्रम | विवरण |
|---|---|---|
| 05 और 06 मार्च | **ब्रेक द बायस** | अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सप्ताह भर ओयोजित की जाने वाली गतिविधियों में सर्वप्रथम **"ब्रेक द बायस"** ईवेन्ट का आयोजन किया जायेगा।<br><br>उक्त ईवेन्ट के अंतर्गत पूरे प्रदेश से ऐसी महिलायें जो समाज की रूढ़ियों/पूर्वागृहों से संर्घष कर आगे सफल जीवनयापन कर रहीं हैं और दूसरी महिलाओं के लिये प्रेरणास्रोत हैं, स्वंय या उनके संबंध में आम जन को अवगत कराने हेतु **#BreakTheBias हैशटैग** से सोशल मीडिया कैम्पेन संचालित किया जायेगा।<br><br>ऐसी महिलाओं में प्रदेश के गॉवों–कस्बों अथवा शहरों में पुरूषपरक सोचे जाने वाले कार्यो में अपनी पहचान बनाने वाली महिलायें, रूढ़िवादी परंपराओं को पीछे छोड़ दूसरों को प्रेरणा देने वाली आदि सभी महिलायें शामिल होंगी।<br><br>**#BreakTheBias हैशटैग** के साथ सभी **@UPMahilaKalyan को निम्न चिन्ह के साथ अपनी फोटो टैग करेंगें।**<br> |
| 07 मार्च | **वूमन ऑफ टूमोरो** | इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्यालयों/कालेजो/विश्वविद्यालयों/आंगॅनवाड़ी/ महिला शरणालय/बालिका गृहों/संरक्षण गृहों आदि के स्तर पर **"वूमन ऑफ टूमोरो"** गतिविधि के अंतर्गत किशोरियों तथा महिलाओं के साथ उनकी शिक्षा तथा स्वावलंबंन की चुनौतियों पर चर्चा आयोजित की जायेगी।<br><br>आयोजन करने वाली संस्थाओं/विभागों/अधिकारियों द्वारा महिलाओं तथा किशोरियों की समस्याओं से जनपद के जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुये आवश्यक सहायता प्राप्त की जायेगी। |
| 08 मार्च | **अनंता** | अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर **मेगा ईवेन्ट** |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | **"अनंता"** के माध्यम से समाज में बदलाव हेतु प्रयासरत् महिलाओं जैसे ऐन्टरप्रेन्योरर/उद्यमी, चेंज ऐजेंटस्, समाजसेवी अथवा समाज की रूढ़ियों/पूर्वागृहों से संघर्ष कर आगे सफल जीवनयापन करने वाली महिलाओं की प्रेरक कहानियों को जनपद स्तर पर विभिन्न माध्यमों जैसे – टी0वी0, रेडियो, एफ0एम0, कम्यूनिटी–रेडियो, टॉक शो, गोष्ठियों, अखबार आदि के माध्यम से जन–जन से पहचान देना।<br><br>जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र की ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया जाये।<br><br>जनपदों द्वारा उक्त सभी महिलाओं की स्टोरी महिला कल्याण विभाग को वर्ड फाइल में क्रुतिदेव 10 फॉन्ट में दिनांक 15 मार्च तक ई0मेल0 पर उपलब्ध कराई जायेगी। |
| 09 मार्च | **गो पर्पल** | **"गो पर्पल"** एक सोशल मीडिया कैम्पेन है, जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत् अधिकारियों के साथ–साथ प्रदेश में रहने वाला कोई भी नागरिक **"महिलाओं के प्रति सम्मान"** दर्शाने अथवा **"लैंगिक समानता"** में अपनी भागीदारी देने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर **"पर्पल/बैंगनी" कपडों/कैप्स्/आर्म–रिस्ट बैण्ड** आदि नवाचारों का प्रयोग कर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज् पोस्ट करेंगें। सोशल मीडिया पर इस ईवेन्ट हेतु **#GoPurple हैशटैग** का प्रयोग करें।<br><br>**महिला कल्याण विभाग** के सभी अधिकारियों तथा कार्मिकों द्वारा भी उक्त गतिविधि में अनिवार्य रूप से भाग लिया जायेगा। |
| 10 मार्च | **हैल्थ वॉच** | भारत सरकार के आंकॅडों के अनुसार प्रदेश की लगभग 50 प्रतिशत महिलायें, एनीमिया से प्रभावित हैं, जबकि प्रति लाख लगभग 113 महिलायें कैन्सर (मुख्य रूप से सरवाइकल और स्तन कैन्सर) से प्रभावित होती हैं। साथ ही साथ आज भी हमारे समाज में माहवारी को लेकर अपने परिवार की महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक करना शर्म और गैरजरूरी विषय हैं और माहवारी स्वच्छता पर जानकारी होने से महिलाओं तथा बालिकाओं को बहुत सी बिमारियों के संक्रमण का खतरा बना रहता है।<br>**"हैल्थ वॉच"** कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्यालयों/ कालेजो/ विश्वविद्यालयों/ आंगॅनवाड़ी/ |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | महिला शरणालय / बालिका गृहों / संरक्षण गृहों आदि के स्तर पर महिलाओं के साथ–साथ मेल एंगेजमेन्ट (पुरूषों की सहभागिता) से एनीमिया, कैन्सर और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के विषयों पर महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया जायेगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। |
| 11 मार्च | **सुरक्षा वॉरियरस्** | **"सुरक्षा वॉरियरस्"** कार्यक्रम के माध्यम से समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायती राज, स्वास्थ्य, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, ग्रामीण विकास पुलिस तथा महिला कल्याण विभागों के समन्वय से परिसरों / ग्रामों / कस्बों / मोहल्लों / रास्तों / क्षेत्र विशेष में महिलाओं तथा बालिकाओं के सुरक्षा मुद्दों तथा उनकी सुरक्षा को भेदने वाले "संदिग्ध स्थानों" की पहचान करने और उनकी सूचना संबंधित अधिकारियों (ग्राम प्रधान / बी0डी0ओ0 / स्थानीय पुलिस / जिला प्रोबेशन अधिकारी / 181 वूमेन हेल्पलाइन / वन स्टॉप सेन्टर, जिलाधिकारी / पुलिस अधीक्षक, आदि) को देने हेतु वहॉ उसी क्षेत्र से इच्छुक **"सुरक्षा वॉरियरस्"** की पहचान की जायेगी, जिनमें महिलायें, पुरूष, बच्चे, बुजुर्ग, सेवानिवृत व्यक्ति आदि सभी शामिल हो सकते हैं।<br><br>**"सुरक्षा वॉरियरस्"** द्वारा अवगत कराये गये मुददों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों / पुलिस / जिलाधिकारी द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी। |

सभी जनपद विभागीय सोशल मीडिया प्लेटफार्म / हैंडल्स के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होने वाले समस्त कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे तथा Twitter पर @UPMahilaKalyan, Facebook पर UPMahilaKalyan, और Instagram पर @upwcd, को अनिवार्य रूप से टैग करेंगें।

Scanned with CamScanner